# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–21.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण कोरिया के सियोल में आयोजित लोकतंत्र शिखर सम्मेलन को वर्चुअली किया संबोधित, कहा– सर्वसम्मति, खुली बातचीत और स्वतंत्र चर्चा भारत की पहचान।
- राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गैर–सरकारी, निजी औऱ व्यावसायिक संस्थाओं के कर्मियों को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश देने का दिया निर्देश।
- राजधानी रांची सहित संताल में आज गरज के साथ होगी बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट, पलामू और कोल्हान के लिए येलो अलर्ट जारी।
- सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड ने मिजोरम को दो–एक से हराकर सेमिफाइनल में किया प्रवेश, सलीमा टेटे को मिला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत में लोकतंत्र की एक प्राचीन और अखंड संस्कृति है। दक्षिण कोरिया के सियोल में आयोजित लोकतंत्र शिखर सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए श्रीमोदी ने कहा कि सर्वसम्मति, खुली बातचीत और स्वतंत्र चर्चा भारत की पहचान रही है। उन्होंने कहा कि अब से कुछ ही सप्ताह में भारत लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का गवाह बनेगा। उन्होंने कहा कि एक अरब मतदाताओं के मतदान करने के साथ, यह मानव इतिहास में सबसे बड़ा चुनावी अभ्यास होगा। उन्होंने कहा कि भारत के लोग एक बार फिर लोकतंत्र में अपना विश्वास जताएंगे।

******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से गैर–सरकारी, निजी औऱ व्यावसायिक संस्थाओं के कर्मियों के लिए चुनाव के दिन मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। श्रीकुमार ने कहा कि मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए सभी संस्थानों में स्वीप कर्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता फोरम का गठन किया जाना है, जो अपने संस्थानों के कर्मियों को मतदान प्रकिया की पूरी जानकारी देंगें। श्रीकुमार कल लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह और अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा के साथ राज्य के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर रहे थे।

******************

पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने लोकसभा चुनाव को लेकर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में बनाये गये मीडिया कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को पेड न्यूज़, राजनितिक पार्टियों के पोस्टर बैनर, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा अन्य शिकायतों पर कारवाई को लेकर दिशा–निर्देश दिया।

******************

लोकसभा चुनाव के दौरान राजमहल संसदीय क्षेत्र में मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त कर्मियों द्वारा स्वास्थ्य कारणों से छुट्टी का आवेदन दिये जाने के बाद सभी कर्मियों की स्वास्थ्य जांच के लिए 27 मार्च को मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य जांच की जाएगी।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
******************

कोडरमा जिले में गर्मी के दौरान जल संकट से निपटने के लिए व्यापक तौर पर तैयारी की जा रही है।

******************

लोकसभा चुनाव को लेकर साहिबगंज समाहरणालय सभागार में आचार संहिता अनुपालन और सी–विजिल एप को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने बताया कि सी–विजिल एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक दल आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित शिकायत कर सकता है। इस ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द निष्पादित किया जाता है।

******************

धालभूम एसडीओ पारुल सिंह ने कल जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में व्यवस्था सुधारने के लिए जरूरी दिशानिर्देश दिया।

******************

साहिबगंज के उपायुक्त हेमंत सती ने कल आपदा मित्र से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षित युवक–युवतियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया। बता दें कि साहेबगंज विकास भवन में दिनांक दो मार्च से सोलह मार्च तक आयोजित आपदा मित्र प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज गरज के साथ बारिश होगी। मौसम विभाग ने रांची के साथ संताल के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। वहीं पलामू और कोल्हान के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में बारिश के दौरान 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

मौसम विभाग के अनुसार 22 और 23 मार्च को आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। 24, 25 और 26 मार्च को राज्य में आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना है।

******************

महाराष्ट्र के पुणे चल रही सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मैच में कल झारखंड की टीम ने मिजोरम को दो–एक से हराकर कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। झारखंड टीम की ओर संगीता कुमारी और दीपिका ने एक–एक गोल किया। झारखंड की सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। झारखंड के सेमीफाइनल में पहुंचने पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, महासचिव विजय शंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने टीम को बधाई दी है।

******************

संक्षिप्त खबरें–

- झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कल गिरिडीह जिले के गांडेय विधानसभा क्षेत्र के झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव की रणनीति पर चर्चा की।
- रामगढ़ जिले जिला के खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के नेतृत्व में चलाए गए जांच अभियान में अवैध स्टोन चिप्स लदे तीन और अवैध बालू लदे एक हाईवा को जब्त किया गया है।
- लातेहार जिले की मनिका थाना पुलिस ने एक ट्रक से भारी मात्रा में डोडा डोडा बरामद किया है, जिसकी कीमत बाजार में लगभग 33 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।
- सरायकेला–खरसावां जिले के गम्हरिया थाना प्रभारी राजू की अध्यक्षता में होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान लोगों से शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई।

- जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में 13 मार्च से चल रहे स्वदेशी मेला का आज रात समापन होगा।

******************

अखबारों की सुर्खियां–

राजधानी रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने भाजपा विधायक जेपी पटेल के कांग्रेस में शामिल होने और महागठबंधन में सीटों के बंटवारे की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– भाजपा विधायक जेपी पटेल कांग्रेस में, हजारीबाग से हो सकते हैं उम्मीदवार।

हिन्दुस्तान लिखता है–टिकट बंटवारे से पहले जोड़–तोड़ तेज।

दैनिक जागरण, रांची एक्सप्रेस और अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी जेपी पटेल की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है– रांची से सुबोधकांत, खूंटी से कालीचरण मुंडा और लोहरदगा से सुखदेव हो सकते हैं कांग्रेस प्रत्याशी।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने सोशल मीडिया पर सोरेन परिवार के विवाद की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर उच्चतम न्यायालय में केंद्र सरकार द्वारा पक्ष रखे जाने की खबर को प्रमुखता दी है।

************